>

Title: Need to repair the National Highway between Junagadh and Una and construct a bye-pass for Keshod city in Gujrat.

श्री जसुभाई धानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : अध्यक्ष महोदय मेरे निर्वाचन क्षेत्र जूनागढ़ में स्थित राष्ट्रीय राजमाग जो कि जूनागढ़ शहर से केशोद, वेरावल, कोढीनार और ऊना तक जाता है, आज खराब स्थिति में है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 200 कि0मी0 तक का है और इसी राजमार्ग के बीच का लगभग 125 कि0मी0 का मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन काफी अधिक संख्या में होता है।

जूनागढ़ से उना तक के राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति और महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे जल्दी से ठीक कराया जाये अन्यथा आने वाली वर्षा ऋतु में अनेक पूकार की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित केशोद शहर को बाईपास की अनुमति काफी समय पहले दी जा चुकी है, लेकिन कार्य अभी तक भी आरंभ नहीं हुआ है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस बाईपास के कार्य को भी जल्दी से शुरू करवाया जाये।

अतः मेरा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से अनुरोध है कि मेरे इन पूस्तावों के महत्व को ध्यान में रखते हुए जल्दी से उचित कार्यवाही की जाये। ये कार्य जनहित के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।